अनुमानों के लिए कार्यप्रणाली तथा संशोधनों के संबंध में टिप्पणियाँ

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के लिए आधार-वर्ष 2004-05 वाली पिछली श्रृंखला के स्थान पर आधार वर्ष 2011-12 वाली नई श्रृंखला 30 जनवरी, 2015 को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आरंभ की गई थी। बाद में, "राष्ट्रीय लेखा की नई श्रृंखला (आधार वर्ष 2011-12) में कार्यप्रणाली तथा आंकड़ा स्रोतों में परिवर्तन" नाम से विवरणिका 26 जून, 2015 को जारी की गई, जिसमें विभिन्न समुच्चयों के अनुमानों में प्रयुक्त डाटाबेस तथा कार्यप्रणाली, दोनों का विवरण शामिल किया गया। राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी (रा. ले. सां.) के इस अंक में दिए गए अनुमान उपर्युक्त विवरणिका में उल्लिखित कार्यप्रणाली पर आधारित हैं।

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के वर्तमान अंक में क्षेत्र आधारित विश्लेषण, गैर-वित्तीय निगमों के खातों, वित्तीय निगमों, सरकार, पारिवारिक तथा शेष दुनिया के लेखा सहित वृहद आर्थिक समुच्चयों का विवरण दिया गया है। इनके अलावा, इसमें आर्थिक कार्यकलापों के समुच्चयों तथा अलग-अलग विवरणों को भी शामिल किया गया है।

नए/संशोधित आंकड़ों के कारण अनुमानों का संशोधन

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2018 में प्रकाशित प्रथम संशोधित अनुमानों तथा पिछले वर्षों के वृहद आर्थिक समुच्चयों और उनके अलग-अलग घटकों के अनुमानों में, नए/संशोधित आंकड़ों के उपलब्ध होने के कारण संशोधन किया गया है । वर्ष 2015-16, 2016-17 और 2017-18 के अनुमानों को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2019 में डाटा के स्रोत जिनका योगदान अनुमानों का संशोधन करने में सर्वाधिक है, नीचे दिए गए हैं-

क: उत्पादन तथा मूल्य-वर्धन

1. फसल

1.1. उत्पादन के अनुमान: वर्ष 2016-17 के उत्पादन अनुमानों के लिए, सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों द्वारा जारी प्रमुख फसलों नामतः अनाजों, दालों, तिलहनों, चीनी और तंतुओं के अंतिम अनुमानों तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के बागवानी सांख्यिकी प्रभाग द्वारा जारी बागवानी फसलों नामतः फलों और सब्जियां, मसालों के लिए अधिकतर राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के अंतिम अनुमानों का उपयोग किया गया है। वर्ष 2017-18 के लिए, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा जारी प्रमुख फसलों के चौथे अग्रिम अनुमान तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के बागवानी सांख्यिकी प्रभाग द्वारा जारी बागवानी फसलों के लिए तीसरे अग्रिम अनुमानों का उपयोग किया गया है । वर्ष 2015-16 के लिए, राज्य विशिष्ट फसलें जैसे- केला, आलू, प्याज इत्यादि के अंतिम अनुमानों का उपयोग किया गया है ।

1.2. भूमि उपयोग सांख्यिकी वर्ष 2015-16 और 2016-17 के लिए कुछ फसलों के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी फसलों के अंतर्गत आने वाले नवीनतम क्षेत्र तथा शेष फसलों के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त जानकारी का उपयोग किया गया है ।

1.3. मूल्य सांख्यिकी-वर्ष 2015-16 और वर्ष 2016-17 के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों द्वारा दिए गए कृषि उत्पादों के अद्यतन कीमत संबंधी आंकड़े प्रयुक्त किए गए हैं । वर्ष 2017-18 के लिए जहां मूल्य आंकड़े उपलब्ध नहीं थे, वहां वर्ष 2016-17 की कीमतों पर तदनुरूपी थोक मूल्य सूचकांको का उपयोग किया गया है ।

2. पशुधन

2.1. वर्ष 2017-18 के लिए पशुपालन, डेयरी और मत्स्य विभाग*, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी दूध, अंडे, मांस और ऊन उत्पादन के अंतिम अनुमानों का उपयोग किया गया है।

2.2. राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त पशुधन उत्पादों के मूल्यों के संशोधित आंकड़ों का उपयोग सभी वर्षों के लिए किया गया है। वर्ष 2017-18 के कुछ मामलों में जहां मूल्य आंकड़े उपलब्ध नहीं थे, वहां तदनुरूपी थोक मूल्य सूचकांकों का उपयोग किया गया।

2.3. सभी वर्षों के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त हैचिंग दर के नवीनतम आंकड़ों का उपयोग मुर्गी के मांस के उत्पादन के अनुमान लगाने के लिए किया गया है।

3. वानिकी एवं लट्ठे बनाना

3.1. राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त औद्योगिक लकड़ी एवं गैर-इमारती वन उत्पादों तथा जलाऊ लकड़ी की कीमतों पर नवीनतम डाटा का उपयोग सभी वर्षों के लिए किया गया है । कुछ मामलों में वर्ष 2017-18 के मूल्य प्राप्त नहीं हुए थे, वहां तदनुरूपी थोक मूल्य सूचकांकों का उपयोग किया गया है ।

4. मत्स्य-पालन

4.1. राज्य मत्स्य विभाग, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग*, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त समुद्री मछली, मीठे पानी की मछली एवं झींगा के अद्यतन उत्पादन और मूल्यों के आंकड़ों का उपयोग सभी वर्षों के लिए किया गया है । कुछ मामलों में, जहां वर्ष 2017-18 के मूल्य प्राप्त नहीं हुए थे, वहां तदनुरूपी थोक मूल्य सूचकांकों का उपयोग किया गया है । राज्यों के डी.ई.एस. से प्राप्त मछली संसाधित करने संबंधी गतिविधियों के नवीनतम आंकड़ों का भी उपयोग किया गया है ।

**पशुपालन और डेयरी विभाग (AH & D) और मत्स्य पालन विभाग मत्स्य पालन, नए बनाये गए पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के विभाग हैं जो पहले कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का हिस्सा थे।*

5. खनन और उत्खनन

5.1. भारतीय खान ब्यूरो (आई.बी.एम.) द्वारा प्रत्येक वर्ष मार्च में प्रकाशित "मासिक खनिज उत्पादन सांख्यिकी" से खनिज उत्पादन के नवीनतम आंकड़े।

5.2. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में खनन कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टें।

5.3. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

5.4. भारतीय खान ब्यूरो से प्राप्त खनिजों के इनपुट आंकड़े।

5.5. राज्यों के भूविज्ञान विभागों से रेत के अलावा गौण खनिजों का उत्पादन।

5.6. नमक आयुक्त के कार्यालय से प्राप्त नमक के उत्पादन तथा मूल्यों संबंधी आंकड़े।

5.7. सीबीआरआई अध्ययन के परिणाम तथा रेत के अनुमान हेतु निर्माण क्षेत्र में प्रयुक्त सामग्री उत्पादन के मूल्य।

5.8. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक।

6. विनिर्माण

6.1. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) के नवीनतम आंकड़े।

6.2. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई.आई.पी.)।

6.3. आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक।

6.4. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में विनिर्माण कंपनियों की वार्षिक रिपोर्टें ।

6.5. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

6.6. विभागीय उद्यमों जिनमे रेलवे वर्कशॉप शामिल हैं, के बजट दस्तावेज।

7. विद्युत, गैस, जल-आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं

7.1. सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियों की नवीनतम वार्षिक रिपोर्टें से प्राप्त आंकड़े।

7.2. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े ।

7.3. विभागीय उद्यमों के बजट दस्तावेज।

7.4. गैर-परम्परागत ऊर्जा मंत्रालय के प्राप्त बायो-गैस संयंत्रों की संख्या।

7.5. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उत्पादन की कीमत ।

7.6. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ।

7.7. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक।

7.8. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक।

7.9. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) के नवीनतम आंकड़े।

8. निर्माण

8.1. क्रम सं.3 और 6 में सूचीबद्ध स्रोत ।

8.2. राज्य आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त बागान फसलों के क्षेत्रफल के आंकड़े ।

8.3. आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से प्राप्त सीमेंट (8 कोर उद्योगों से प्राप्त सूचना) के उत्पादन संबंधी आंकड़े ।

8.4. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त गैर-सरकारी कंपनियों के वित्त संबंधी आंकड़े।

9. व्यापार, मरम्मत, होटल तथा रेस्तरां

9.1. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बजट दस्तवेजों तथा वार्षिक रिपोर्टें से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

9.2. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े ।

9.3. एनएसएस के 68वें दौर/जनगणना वर्ष 2011 से कार्यबल (डब्ल्यू.एफ.) अनुमान।

9.4. प्रति कामगार मूल्य वर्धि अनुमानों हेतु अनिगमित उद्यमों संबंधी एनएसएस का 67 वां दौर ।

9.5. बजट दस्तावेज से प्राप्त बिक्री कर संग्रहण आंकड़े, एमसीए डाटाबेस एवं वार्षिक लेखों से क्रमशः कॉरपोरेट क्षेत्र और एन. डी. ई. के टर्नओवर के नवीनतम आंकड़े ।

9.6. एस.आई.ए.एम से मोटर वाहनों की बिक्री आंकड़े।

9.7. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक।

9.8. टीटीएम सूचकांक।

10. अन्य माध्यमों से परिवहन

10.1. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा वार्षिक रिपोर्टों से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

10.2. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े ।

10.3. एन.एस.एस. 68वें दौर/जनगणना वर्ष 2011 के लिए कार्यबल (डब्ल्यू.एफ.) अनुमान ।

10.4. प्रति कामगार मूल्य वर्धि अनुमानों हेतु अनिगमित उद्यमों संबंधी एन.एस.एस. का 67वां दौर ।

10.5. एस.आई.ए.एम से मोटर वाहनों के उत्पादन रूझान संबंधी आंकड़े।

10.6. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक।

10.7. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (परिवहन तथा संचार)।

10.8. पोत परिवहन मंत्रालय से प्रकाशित कार्गों यातयात (प्रमुख+गौण बंदरगाहों) के आंकड़े।

10.9. डीजीसीए से निजी एयरलाईन के यात्रियों तथा कार्गों की वृद्धि दरें ।

11. रेलवे, संचार, लोक प्रशासन एवं रक्षा

11.1. वर्ष 2018-19 के लिए बजट दस्तावेज जिसमें वर्ष 2016-17 के वास्तविक आंकड़े एवं वर्ष 2017-18 के संशोधित अनुमान दिए हैं।

11.2. सार्वजनिक तथा निजी निगमों के वार्षिक लेखे।

12. वित्तीय सेवाएं

12.1. एन.ए.एस. 2019 के अनुमानों के लिए वित्तीय उप-सेक्टरों, जिनमे सहकारी बैंक, एनबीएफआई, केन्द्रीय तथा राज्य वित्तीय निगम, वित्तीय पूरक तथा ई.एस.आई.सी. शामिल हैं, के नवीनतम उपलब्ध वार्षिक रिपोर्टों के विश्लेषण तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिसंबर 2018 में प्रकाशित ऋण, जमा तथा विभिन्न उद्योगों तथा परिवारों के बीच वितरण संबंधी नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अद्यतन किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, वित्तीय क्षेत्र के स्थिर मूल्यों के अनुमान, गैर-वित्तीय क्षेत्रों के वर्तमान तथा स्थिर मूल्य अनुमानों (एफ.आई.एस.आई.एम.) के लिए असमायोजित के अनुपात का उपयोग एक प्रकार के अपस्फीतिकारक के तौर पर किया जाता है। वर्ष 2015-16 और वर्ष 2016-17 के लिए इन अनुपातों में परिवर्तनों के परिणामस्वरूप वित्तीय सेवा तथा उप-सेक्टरों के लिए स्थिर मूल्य अनुमानों में भी परिवर्तन आये हैं।

13. स्थावर सम्प्दा, आवास का स्वामित्व और व्यावसायिक सेवाऐं

13.1. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा वार्षिक रिपोर्टों से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

13.2. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

13.3. ए.आई.डी.आई.एस. के 70वें दौरे (वर्ष 2012-13) के आधार पर आवासों के स्वामित्व से संबंधित मरम्मत एवं रख-रखाव के नवीनतम आंकड़े।

13.4. जनगणना 2011 से प्राप्त आवासों की संख्या।

13.5. एन.एस.एस. के 68वें दौर/जनगणना वर्ष 2011 के कार्यबल (डब्ल्यू.एफ.) अनुमान।

13.6. कामगारों की विभिन्न श्रेणियों के मूल्य-वर्धन तथा अधिमान हेतु अनिगमित उद्यमों संबंधी एन.एस.एस. का 67वां दौर।

13.7. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (परिवहन तथा संचार)।

14. अन्य सेवाएं

14.1. सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा वार्षिक रिपोर्टों से प्राप्त नवीनतम आंकड़े।

14.2. कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय से प्राप्त नवीनतम आंकड़े ।

14.3. एन.एस.एस. के 68वें दौर/जनगणना वर्ष 2011 के कार्यबल (डब्ल्यू.एफ.) अनुमान।

14.4. कामगारों की विभिन्न श्रेणियों के मूल्य-वर्धन तथा अधिमान हेतु अनिगमित उद्यमों के लिए एन.एस.एस. का 67वां दौर।

14.5. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (शिक्षा), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (स्वास्थ्य), उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (मनोविनोद) तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (विविध सेवाएं)।

14.6. सौंदर्य सेवाओं तथा क्लबों व एसोसिएशनों की सदस्यता से प्राप्त सेवा कर के अलग-अलग आंकड़े।

14.7. उपभोक्ता व्यय सर्वेक्षण के 61वें तथा 68वें (चिकित्सा तथा अन्य) एवं 64वें और 71वें (शिक्षा) दौरों से प्राप्त व्यक्तियों की अनुमानित संख्या तथा एम.पी.सी.ई (गैर-खाद्य वस्तुओं) के आंकड़े।

(ख) निजी अंतिम उपभोग व्यय, बचत और पूंजी निर्माण

15. निजी अंतिम उपभोग व्यय

15.1. उत्पादन, स्टॉक में परिवर्तन, निर्यात और आयात आदि के नए/संशोधित आंकड़ों की उपलब्धता के कारण वर्ष 2015-16 तथा इससे आगे के वर्षों के अनुमान संशोधित किए गए हैं । इसके स्रोत 1-14, 17.7 तथा 17.8 पर सूचीबद्ध हैं ।

16. बचत

16.1. भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त परिवारिक क्षेत्र के लिए निवल जमा, शेयरों और डिबेंचरों में निवेश, सरकार पर निवल दावे आदि संबंधी संशोधित आंकड़े।

16.2. भौतिक परिसंपत्तियों में बचत के अनुमानों में संशोधन हेतु कृपया मद सं.17 देखें।

16.3. निजी निगमित क्षेत्र के बचत संबंधी संशोधित आंकड़े।

16.4. बजट दस्तावेजों, भारतीय रिजर्व बैंक के वार्षिक लेखाओं तथा स्थायी पूंजी उपभोग के अनुमानों के परवर्ती संशोधन से विभागीय उद्यमों एवं प्रशासनिक विभागों के संबंध में अतिरिक्त/संशोधित/नए आंकड़ों की उपलब्धता के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की बचत वर्ष 2015-16,2016-17 & 2017-18 संशोधित किये गए।

17. पूंजी निर्माण

17.1. क्रम संख्या 6 व 8 पर वर्णित स्रोत, एन.डी.ई. की वार्षिक विवरणियां और बजट दस्तावेज।

17.2. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) के नवीनतम आंकड़े।

17.3. एम.सी.ए. से प्राप्त निजी निगमित क्षेत्र के संशोधित आंकड़े।

17.4. सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजी निर्माण के संशोधित आंकड़े ।

17.5. आर्थिक सलाहकार के कार्यालय से प्राप्त थोक मूल्य सूचकांक ।

17.6. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आई.आई.पी.)।

17.7. उत्पाद एवं आयात शुल्क-कर तथा अनुसंधान इकाई, वित्त मंत्रालय से भारत संघ के सीमा-शुल्क और राजस्व संग्रह के आंकड़े।

17.8. निर्यात आयात डाटा बैंक, डी.जी.सी.आई.एस., वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ।

18. स्थायी पूंजी उपभोग

18.1. स्थायी पूंजी उपभोग (सी.एफ.सी.) के अनुमान, क्रम सं 17 पर यथा-उल्लिखित सकल नियत पूंजी निर्माण के अनुमानों में संशोधन के कारण संशोधित किए गए हैं।

****

मई-2018 में जारी अनंतिम अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी -2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए- 2017-18 में में जारी में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	अनंतिम अनुमान	रा.ले.सां.-19	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
1	कृषि, वानिकी और मत्सयन	**3.4**	**5.0**	आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय (DESAg) द्वारा जारी प्रमुख फसलों के चौथे अग्रिम अनुमान और बागवानी सांख्यिकी प्रभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय (MoAgFW) द्वारा जारी बागवानी फसलों के लिए तीसरे अग्रिम अनुमान का उपयोग किया गया है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग*, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के प्रमुख पशुधन उत्पादों का अंतिम अनुमान उपयोग किया गया है। अनुमानित उत्पादन औद्योगिक लकड़ी /वन के बाहर वृक्ष/ गैर इमारती लकड़ी का वन उत्पाद (आई.डब्ल्यू./ टी.ओ.एफ. /एन.टी.एफ.पी.) के उत्पादन के नवीनतम आंकड़ों का उपयोग किया गया है| पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग*, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराये गये मत्स्य पालन के उत्पादन के अंतिम आंकड़ों का उपयोग किया गया है।
2	खनन एवं उत्खनन	**2.9**	**5.1**	रा.ले.सां.-19 में, निजी निगम (पी.सी) और गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) अनुमान, खाता / उभयनिष्ट कंपनियों की विकास दर पर आधारित होते हैं जबकि अनंतिम अनुमान, छोटे सेट के कॉर्पोरेट फाइलिंग पर आधारित / संकेतक आधारित होते हैं।
3	विनिर्माण	**5.7**	**5.9**	रा.ले.सां.-19 में; विभागीय उद्यम (डी.ई.),सामान्य सरकार (जी.जी.), निजी निगम (पी.सी) और गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) अनुमान, खाता / उभयनिष्ट कंपनियों की विकास दर पर आधारित होते हैं जबकि अनंतिम अनुमान, छोटे सेट के कॉर्पोरेट फाइलिंग पर आधारित / संकेतक आधारित होते हैं।
4	बिजली, गैस, जल आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं	**7.2**	**8.6**	रा.ले.सां.-19 में; विभागीय उद्यम (डी.ई.), सामान्य सरकार (जी.जी.), निजी निगम (पी.सी.) और एन.डी.ई. अनुमान, खातों / उभयनिष्ट कंपनियों की विकास दर की पुस्तकों पर आधारित होते हैं जबकिअनंतिम अनुमान, संकेतक आधारित थे।
5	निर्माण	**5.7**	**5.6**	रा.ले.सां.-19 में, स्रोत एजेंसियों से प्राप्त आंकड़े उपयोग किए गए हैं। अनंतिम अनुमान (पी. इ.) संकेतक आधारित थे।
6	व्यापार, मरम्मत, होटल रेस्तरां, परिवहन, भंडारण, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं	**8.0**	**7.8**	स्रोत एजेंसियों के आंकडों के साथ विभागीय उद्यम (डी.ई.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के विस्तृत विश्लेषण रा.ले.सां.-19 संबंधी अनुमानों के संकलन के लिए उपयोग किए गए हैं, जबकि अनंतिम अनुमान संकेतक आधारित थे।
7	वित्तीय सेवाएं और स्थावर	**6.6**	**6.2**	(1) वित्तीय सेवाओं के लिए, आर.बी.आई., आई.आर.डी.ए.आई. और अन्य वित्तीय नियामकों

मई–2018 में जारी अनंतिम अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी –2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए– 2017-18 में में जारी में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	अनंतिम अनुमान	रा.ले.सां.–19	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
	सम्पदा, आवास का स्वामित्व और व्यावसायिक सेवाऐं			द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्टों और आंकड़ों के आधार पर प्रथम संशोधित अनुमान (आर. इ.)/ जारी की जाती है, जबकि अनंतिम अनुमान बेंचमार्क संकेतक पद्धति के आधार पर तैयार की जाती है। (2) स्थावर सम्पदा, आवास के स्वामित्व और पेशेवर सेवाओं के लिए, विभागीय उद्यम (डी.ई.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के विस्तृत विश्लेषण के साथ स्रोत एजेंसियों के आंकड़े रा.ले.सां.–19 अनुमानों के संकलन के लिए उपयोग किए गए हैं, जबकि अनंतिम अनुमान संकेतक आधारित थे।
8	लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएं	**10.0**	**11.9**	(1) सार्वजनिक प्रशासन और रक्षा के लिए, रा.ले.सां.–19 में, बजट दस्तावेजों (केंद्र और राज्य सरकारों) के विस्तृत विश्लेषणों के परिणाम अनुमानों को संकलन के लिए उपयोग किए गए हैं, जबकि अनंतिम अनुमान केंद्र तथा राज्य सरकार के कुल राजस्व व्यय से प्राप्त संकेतकों पर आधारित थे। (2) अन्य सेवाओं के लिए, स्रोत एजेंसियों के आंकड़े के साथ विभागीय उद्यम (डी.ई.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के विस्तृत विश्लेषण रा.ले.सां.–19 अनुमानों के संकलन के लिए उपयोग किए गए हैं, जबकि अनंतिम अनुमान संकेतक आधारित थे।
9	बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन	**6.5**	**6.9**	

**पशुपालन और डेयरी विभाग (AH & D) और मत्स्य पालन विभाग मत्स्य पालन, नए बनाये गए पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के विभाग हैं जो पहले कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का हिस्सा थे।*

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-2018 में जारी अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी–2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए– 2016-17 में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	रा.ले. सां. 2018	रा.ले. सां. 2019	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
1	कृषि, वानिकी और मत्सयन	6.3	6.3	
1.1	फसलें	6.9	5.0	आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय (DESAg) द्वारा सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के लिये जारी प्रमुख फसलों अनाज, दाल, तिलहन, शर्करा और रेशा के उत्पादनों का अंतिम अनुमान और बागवानी सांख्यिकी विभाग, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों के लिये जारी बागवानी फसलों, अर्थात् फलों और सब्जियों, मसालों और मसालों के लिए अंतिम उत्पादन अनुमानों का उपयोग किया गया है।
1.2	पशुधन	6.5	9.9	कुक्कुट मांस के उत्पादन का अनुमान लगाने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त नवीनतम अद्यतित हैचिंग दरों का उपयोग किया गया है।
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	1.3	1.4	राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों के अनुसार औद्योगिक लकड़ी और गोण वन उत्पाद के उत्पादन के अंतिम अनुमानों का उपयोग किया गया है।
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	6.1	10.0	राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त उत्पादन और प्रसंस्करण गतिविधियों पर नवीनतम आकड़ों का भी उपयोग किया गया है।
2	खनन एवं उत्खनन	13.0	9.5	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) में संशोधन और लघु खनिजों और रेत मूल्यों के संशोधित अनुमानों के कारण अंतर।
3	विनिर्माण	7.9	7.9	
3.1	खाद्य उत्पाद,पेय पदार्थ, और तम्बाकु	3.4	10.4	निजी क्षेत्र निगम और पारिवारिक क्षेत्र अनुमानों में संशोधन।
3.2	वस्त्र, परिधान, और चर्म उत्पाद	5.6	1.9	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
3.3	मेटल उत्पाद	10.8	26.4	निजी क्षेत्र निगम और पारिवारिक क्षेत्र अनुमानों में संशोधन।
3.4	मशीनरी और उपकरण	6.5	9.5	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
3.5	अन्य विनिर्मित वस्तुएं	9.4	3.4	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
4	बिजली, गैस, जल आपूर्ति और	9.2	10.0	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) अनुमानों के

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-2018 में जारी अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी–2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए– 2016-17 में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	रा.ले. सां. 2018	रा.ले. सां. 2019	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
	अन्य उपयोगी सेवाएं			कारण।
5	निर्माण	1.3	6.1	संकलन प्रक्रिया में अद्यतित उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई.) परिणामों के उपयोग के कारण निर्माण क्षेत्र के उत्पादन के मूल्य में संशोधन और निजी निगमों में कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय और गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) के वार्षिक खातों के अद्यतित आकड़ों का उपयोग।
6	व्यापार और मरम्मत, होटल रेस्तरां,	8.9	10.1	
6.1	व्यपार और मरम्मत सेवाएं	8.9	10.3	विभागीय उद्यम (डी.ई.),गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
6.2	होटल और रेस्तरां	8.6	8.7	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
7	परिवहन, भंडारण, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाएं	4.3	3.4	
7.1	रेलवे	-1.0	-3.9	2016-17 (आर.ई.), जो कि विभागीय उद्यमों (डी.ई.) के लिये रा. ले.सां. 2018 में उपयोग किया गया था, के स्थान पर 2016-17 के वास्तविक आंकड़ों के उपयोग के कारण परिवर्तन तथा गैर–विभागीय उद्यमों (एन.डी.ई.) तथा निजी क्षेत्र निगमों से प्राप्त अद्यतन सूचना।
7.2	सड़क परिवहन	5.9	5.6	विभागीय उद्यम (डी.ई.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
7.3	जल परिवहन	5.9	5.8	विभागीय उद्यम (डी.ई.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
7.4	वायु परिवहन	18.7	18.5	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
7.5	परिवहन संबंधी प्रासंगिक सेवाएं	7.4	7.0	सड़क, जल और वायु परिवहन का संयुक्त प्रभाव।
7.6	भंडारण	-3.2	-2.9	थोक मूल्य सूचकांक और भंडारण मात्रा सूचकांक (स्टोरेज वॉल्यूम इंडेक्स) में परिवर्तन।
7.7	संचार एवं	2.5	1.0	निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-2018 में जारी अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी–2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए– 2016-17 में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	रा.ले. सां. 2018	रा.ले. सां. 2019	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
	प्रसारण से संबंधित सेवाएं			
8	वित्तीय सेवाएं	1.3	3.6	संशोधन क्रमशः नाबार्ड, एम.सी.ए और ई.एस.आई.सी से प्राप्त सहकारी बैंकों, वित्तीय पूरक और ई.एस.आई.सी के नवीनतम आंकड़ों के उपयोग के कारण है।
9	स्थावर सम्पदा, आवास का स्वामित्व और व्यावसायिक सेवा	8.0	10.8	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
10	लोक प्रशासन और रक्षा	12.7	8.6	क) केंद्र और राज्य सरकारों के बजट दस्तावेजों से 2016-17 के वास्तविक आकड़ों का उपयोग रा. ले. सां.–18 के वर्ष 2016-17 के आधार पर हुआ था। ख) स्थानीय निकायों और स्वायत्त संस्थानों पर संशोधित आकड़ों का उपयोग किया गया।
11	अन्य सेवाएं	9.0	9.7	सामान्य सरकार (जी.जी.), गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
12	**बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन**	**7.1**	**7.9**	

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-2018 में जारी अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी –2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए- 2015-16 में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	एनएएस-2018	एनएएस-2019	रा.ले.सां. 2019 में संशोधन के कारण
1	कृषि, वानिकी और मत्सयन	0.6	0.6	
1.1	फसलें	-3.2	-2.9	राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त नवीनतम आंकड़ों के अनुसार कुछ राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों की विशिष्ट फसलों के क्षेत्र और उत्पादन को अद्यतित किया गया है ।
1.2	पशुधन	7.9	7.5	राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालयों से प्राप्त नवीनतम अद्यतित हैचिंग दरों का उपयोग कुक्कुट मांस के उत्पादन का अनुमान लगाने में किया गया है।
1.3	वानिकी और लॉगिंग	1.8	1.7	राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त औद्योगिक लकड़ी और लकड़ी वन उत्पादों के उत्पादन पर नवीनतम आंकड़ों का उपयोग किया गया है।
1.4	मत्स्य पालन और जलीय कृषि	10.0	9.7	राज्य मछली पालन विभाग, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग*, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के समुद्री मछली, गैर समुद्री मछली और झींगे के उत्पादन पर नवीनतम आंकड़ों का उपयोग किया गया है।
2	खनन एवं उत्खनन	13.8	10.1	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) के आंकड़ों और लघु खनिज के संशोधित अनुमानों के कारण।
3	विनिर्माण	12.8	13.1	
3.1	खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ और तंबाकू	7.2	16.2	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
3.2	धातु उत्पाद	-9.1	-13.7	उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई) गैर कॉर्पोरेट अनुमानों में संशोधन।
3.3	मशीनरी और उपकरण	16.3	20.3	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
3.4	अन्य निर्मित वस्तुएं	18.2	16.7	निजी क्षेत्र निगम के अनुमानों में संशोधन।
4	निर्माण	3.7	3.6	संकलन प्रक्रिया में उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (ए.एस.आई) के अंतिम परिणामों के उपयोग के कारण ।
5	व्यापार, मरम्मत, होटल और रेस्तरां	10.8	11.1	
5.1	व्यापार और मरम्मत सेवाएं	10.7	10.8	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन ।

राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी-2018 में जारी अनुमानों और राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी –2019 में जारी अनुमानों के बीच जीवीए– 2015-16 में विकास दर में संशोधन के कारण

क्रं.सं.	मद	एनएएस–2018	एनएएस–2019	रा.ले. सां. 2019 में संशोधन के कारण
5.2	होटल और रेस्तरां	12.9	13.9	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
6	परिवहन, भंडारण, संचार तथा प्रसारण से संबंधित सेवाएं	9.3	8.9	
6.1	सड़क परिवहन	6.6	7.0	गैर विभागीय उद्यम (एन.डी.ई.) और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्रों के आंकड़ों में संशोधन।
6.2	परिवहन से जुड़ी सेवाएं	6.7	7.4	सड़क, जल और हवाई परिवहन का संयुक्त प्रभाव।
6.3	भंडारण	9.6	13.0	थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू. पी. आई.) और भंडारण मात्रा सूचकांक (स्टोरेज वॉल्यूम इंडेक्स) में परिवर्तन।
6.4	संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएं	17.1	14.3	निजी क्षेत्र निगमों के आंकड़ों में संशोधन।
7	वित्तीय सेवाएं	7.5	7.3	अद्यतित मूल्य अपस्फीतिकारक आंकड़ों, जो की गैर-वित्तीय क्षेत्र पर आधारित है और अद्यतित सहकारी बैंकों के आंकड़ों के कारण संशोधन।
8	स्थावर सम्पदा, आवास का स्वामित्व और व्यावसायिक सेवा	12.4	12.1	निजी क्षेत्र निगमों के आंकड़े, एन.डी.ई में संशोधन।
9	लोक प्रशासन और रक्षा	3.9	3.9	स्थानीय निकायों तथा स्वायत्त संस्थानों संबंधी संशोधित और अतिरिक्त आंकड़ों के उपयोग और कुछ राज्य सरकारों के आर्थिक और उद्देश्य वर्गीकरण पर संशोधित आंकड़ों के उपयोग के कारण मामूली संशोधन।
10	बुनियादी मूल्यों पर सकल मूल्य वर्धन	**8.1**	**8.0**	

**पशुपालन और डेयरी विभाग (AH & D) और मत्स्य पालन विभाग मत्स्य पालन, नए बनाये गए पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के विभाग हैं जो पहले कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय का हिस्सा थे।*